न्यूज़ टुडे

ग्लोबल जेंडर गैप इंडेक्स 2025 में भारत 148 देशों की सूची में 131वें स्थान पर आया

हाल ही में, **विश्व आर्थिक मंच ने 'ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट' का 19वां संस्करण (2025)** जारी किया है। इसमें विगत वर्ष 2024 की तुलना में भारत की रैंकिंग में **गिरावट** आई है। पिछले वर्ष भारत **129वें** स्थान पर था। यह रिपोर्ट **ग्लोबल जेंडर गैप इंडेक्स (GGGI) पर आधारित** है।

- इसके अलावा, **भारत का समग्र लैंगिक समानता स्कोर 64.4%** है, जो कि **दक्षिण एशिया में सबसे कम** है।
  - दक्षिण एशियाई देशों में **बांग्लादेश सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला देश बनकर उभरा** है, जो 75 रैंक की वृद्धि के साथ विश्व स्तर पर **24वें** स्थान पर पहुंच गया है।
- कुल मिलाकर, **अभी तक किसी भी अर्थव्यवस्था ने पूर्ण लैंगिक समानता हासिल नहीं** की है।
  - **आइसलैंड** लगातार 16वें वर्ष **शीर्ष** पर है। उसके बाद **फिनलैंड, नॉर्वे, यूनाइटेड किंगडम और न्यूजीलैंड** का स्थान है।
- इस वर्ष (2025) **ग्लोबल जेंडर गैप में कुछ कमी** दर्ज की गई है। यह कमी **2024 की 68.4%** से बढ़कर **68.8%** हो गई है। मौजूदा प्रगति के हिसाब से **वैश्विक स्तर पर पूर्ण लैंगिक समानता हासिल करने में 123 वर्ष** लग सकते हैं।

भारत का समग्र प्रदर्शन (2025):

- ग्लोबल जेंडर गैप इंडेक्स **प्रतिवर्ष चार प्रमुख आयामों (उप-सूचकांकों) में लैंगिक समानता** की वर्तमान स्थिति और विकास का मूल्यांकन करता है।

मुख्य आयाम	भारत का समग्र प्रदर्शन (2025)
आर्थिक भागीदारी और अवसर	भारत की अर्थव्यवस्था के समग्र प्रदर्शन में निरपेक्ष रूप से सुधार हुआ है। • आर्थिक भागीदारी में मामूली सुधार हुआ है, जो **0.9% बढ़कर 40.7%** हो गई है। - **अनुमानित अर्जित आय में समानता के साथ वृद्धि** हुई है। • **श्रम-बल भागीदारी दर वही (45.9%)** बनी हुई है, जो भारत में अब तक का उच्चतम स्तर है।
शैक्षिक उपलब्धि	इस आयाम में **भारत का स्कोर 97.1% है,** जो साक्षरता और उच्चतर शिक्षा नामांकन में **महिलाओं की हिस्सेदारी में सकारात्मक बदलाव को दर्शाता** है।
स्वास्थ्य और उत्तरजीविता	भारत में स्वास्थ्य और उत्तरजीविता में भी **उच्च समानता** दर्ज की गई है। यह **जन्म के समय लिंगानुपात और स्वस्थ जीवन प्रत्याशा** में सुधार के कारण संभव हुआ है। • हालांकि, पुरुषों और महिलाओं की जीवन प्रत्याशा में समग्र कमी के बावजूद **स्वस्थ जीवन प्रत्याशा में समानता** प्राप्त की गई है।
राजनीतिक सशक्तीकरण	भारत में राजनीतिक सशक्तीकरण में **समानता में मामूली गिरावट (-0.6 अंक)** दर्ज की गई है। • **संसद में महिला प्रतिनिधित्व 2025 में 14.7% से घटकर 13.8%** हो गया, जिससे लगातार दूसरे वर्ष संकेतक स्कोर में गिरावट आई है। • **मंत्रिस्तरीय** भूमिकाओं में महिलाओं की हिस्सेदारी **6.5% से घट कर 5.6%** हो गई है।

भारत के अनुरोध पर इंटरपोल ने भारत के लिए पहला सिल्वर नोटिस जारी किया

भारत की **केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI)** ने इंटरपोल से 'सिल्वर नोटिस' जारी करवाया है। इंटरपोल ने **वीज़ा धोखाधड़ी मामले में वांछित पूर्व फ्रांसीसी दूतावास अधिकारी शुभम शौकीन की वैश्विक परिसंपत्तियों का पता लगाने** के लिए यह नोटिस जारी किया है।

इंटरपोल (INTERPOL) के बारे में

- **उत्पत्ति:** इसका गठन **1923 में वियना में द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय पुलिस कांग्रेस में अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक पुलिस आयोग (ICPC)** के रूप में किया गया था। **वर्ष 1956** में इसका नाम बदलकर **अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक पुलिस संगठन (इंटरपोल)** कर दिया गया।
- **सदस्य:** **भारत** सहित कुल **196 देश** इसके सदस्य हैं। उल्लेखनीय है कि भारत इसके संस्थापक सदस्यों में से एक है।
- **मुख्यालय:** इसका **मुख्यालय फ्रांस के ल्योन** में स्थित है।
- **राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो (NCB):** इसे सदस्य देशों द्वारा **इंटरपोल के साथ संपर्क बनाने के लिए पहुंच बिंदु (point of access)** के रूप में स्थापित किया जाता है।
  - भारत ने **CBI को इंटरपोल का राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो (NCB)** घोषित किया है।
  - CBI ने **भारतपोल पोर्टल (Bharatpol portal)** विकसित किया है। यह सभी भारतीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों को इंटरपोल से रियल टाइम संपर्क की सुविधा प्रदान करता है।
- **शासी निकाय:** महासभा और कार्यकारी समिति।
- **नोटिस:** इंटरपोल के **कलर कोडेड नोटिस, सदस्य देशों के लिए सहयोग या अलर्ट के लिए जारी किए गए अंतर्राष्ट्रीय अनुरोध** होते हैं। ये सदस्य देशों की पुलिस को गंभीर अपराध से संबंधित जानकारी को साझा करने में मदद करते हैं।
  - उदाहरण के लिए- **रेड कॉर्नर नोटिस का अर्थ है भगोड़े को हिरासत में लेना; ब्लू नोटिस- अतिरिक्त जानकारी प्राप्त करना; ब्लैक नोटिस- अज्ञात शवों की पहचान और येलो नोटिस- गुमशुदा लोगों का पता लगाने के लिए।**
  - NCB के अनुरोध पर **महासचिवालय नोटिस प्रकाशित** करता है तथा उन्हें सभी सदस्य देशों को उपलब्ध कराया जाता है।

इंटरपोल सिल्वर नोटिस

परिसंपत्तियों की पहचान और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग

सिल्वर नोटिस क्या है?

यह आपराधिक परिसंपत्तियों की पहचान और पता लगाने तथा सूचना साझा करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय उपकरण है।

- **सीमा-पार संपत्ति वसूली:** भारत में एजेंसियां भगोड़ों और मुख्य अभियुक्तों की संपत्तियों के बारे में जानकारी एकत्र कर सकती हैं, भले ही उनकी संपत्ति दूसरे देशों में हो।
- **भारत की भागीदारी:** भारत पहले चरण में 51 सदस्य देशों में शामिल है, पायलट प्रोजेक्ट नवंबर तक जारी रहेगा
- **पहला सिल्वर नोटिस:** इटली की ओर से जनवरी 2025 में प्रकाशित किया गया था।
- **अनुरोध आवंटन:** प्रत्येक सदस्य राष्ट्र पायलट प्रोजेक्ट चरण के दौरान अधिकतम 9 नोटिस का अनुरोध कर सकता है।

संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त (UNHCR) ने "ग्लोबल ट्रेंड्स रिपोर्ट: 2024 में जबरन विस्थापन" शीर्षक से रिपोर्ट जारी की

जबरन विस्थापन (Forced Displacement) उन परिस्थितियों को कहते हैं, जब कोई व्यक्ति **उत्पीड़न, हिंसा, मानवाधिकार हनन, आपदाओं आदि के कारण अपनी जन्मस्थली को छोड़ने के लिए मजबूर** हो जाता है।

रिपोर्ट के मुख्य बिंदुओं पर एक नजर:

- 2024 के अंत तक दुनिया भर में लगभग **123.2 मिलियन लोग जबरन विस्थापित** हो गए थे। इन विस्थापित लोगों में **40% बच्चे** थे।
- **एक-तिहाई से अधिक** जबरन विस्थापित लोगों में **सूडानी, सीरियाई, अफगान या यूक्रेनी** नागरिक थे।
- वर्ष 2024 के अंत में **73.5 मिलियन लोग आंतरिक रूप से विस्थापित** के रूप में रह रहे थे।
  - आंतरिक रूप से विस्थापित से आशय है **अपने देश में ही किसी अन्य जगह विस्थापित के रूप में रहना।**

संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त (UNHCR) के बारे में:

- **मुख्यालय:** जिनेवा (स्विट्जरलैंड)।
- **स्थापना:** इसे **1950 में संयुक्त राष्ट्र महासभा** ने स्थापित किया था।
- **उद्देश्य:** संघर्ष और उत्पीड़न के कारण अपने मूल निवास क्षेत्र से विस्थापित लोगों के अधिकारों की रक्षा करना तथा उनके लिए बेहतर भविष्य सुनिश्चित करना।
- **उपलब्धियां:** UNHCR को **1954 और 1981 में नोबेल शांति पुरस्कार** से सम्मानित किया गया था।

जबरन विस्थापन से उत्पन्न चुनौतियां:

- **खाद्य संकट का सामना करने के लिए मजबूर होना:** आजीविका समाप्त हो जाने की वजह से **विस्थापित लोग बाहरी सहायता पर निर्भर** हो जाते हैं। वहीं शरणार्थी शिविरों में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।
- **सार्वजनिक व्यय यानी सरकारी खर्चे में वृद्धि:** जिन देशों में विस्थापित लोग रह रहे होते हैं वहां की सरकारों को इनके **रहन-सहन और देखभाल के लिए अधिक व्यय** करना पड़ता है।
- **सामाजिक तनाव में वृद्धि:** संसाधन सीमित होने की वजह से होस्ट देश के **स्थानीय समुदाय और विस्थापितों के बीच प्रायः** टकराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।
- **बेरोजगारी की समस्या:** विस्थापितों के आने से **होस्ट देश का श्रम और उपभोक्ता बाजार प्रभावित** होता है। चूंकि, अधिकतर विस्थापित लोग कम कुशल होते हैं, इसलिए वे होस्ट देश में अनौपचारिक और कम-कौशल वाले रोजगार करना शुरू कर देते हैं। इससे **होस्ट देश के नागरिकों के लिए अनौपचारिक और कम-कौशल वाले रोजगार** कम हो जाते हैं। इससे **युवा एवं महिला श्रमिक अधिक प्रभावित** होते हैं।

जबरन विस्थापन की समस्या से निपटने के लिए उठाए गए कदम:

- **ग्लोबल कॉम्पैक्ट फॉर माइग्रेशन (2018):** इसे **संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों** ने अपनाया है। यह **प्रवासन की समस्या से निपटने के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय फ्रेमवर्क** प्रदान करता है।
  - यह **कानूनी रूप से बाध्यकारी समझौता नहीं** है।
- **जबरन विस्थापन पर वैश्विक कार्यक्रम (GPFD):** इसे **2009 में विश्व बैंक** ने शुरू किया था। इसका उद्देश्य **जबरन विस्थापन से निपटने के लिए वैश्विक विकास उपायों को सशक्त** करना है।

अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA) ने 20 वर्षों बाद ईरान को उल्लंघनकर्ता घोषित किया

IAEA बोर्ड के 35 सदस्यों में से 19 ने **ईरान द्वारा परमाणु अप्रसार प्रतिबद्धताओं को पूरा न करने को लेकर निंदा प्रस्ताव के पक्ष में मतदान** किया।

- यह प्रस्ताव **फ्रांस, यूनाइटेड किंगडम और जर्मनी (E3) तथा संयुक्त राज्य अमेरिका** ने प्रस्तुत किया था।
- यह कदम IAEA की एक रिपोर्ट के बाद उठाया गया है। इसमें कहा गया था कि ईरान के पास **60% इतना संवर्धित यूरेनियम** है, जिससे संभावित रूप से **9 परमाणु बम** बनाए जा सकते हैं।
- यह मामला अब संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पास जा सकता है, जो 2015 के परमाणु समझौते के तहत फिर से प्रतिबंध लगा सकती है।

2015 के परमाणु समझौते (JCPOA) के बारे में

- **भागीदार:** संयुक्त व्यापक कार्य योजना (JCPOA) पर **ईरान और P5+1 (चीन, फ्रांस, जर्मनी, रूस, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका)** ने हस्ताक्षर किए थे।
  - **वर्ष 2018 में अमेरिका इस समझौते से हट** गया था और **2019 के बाद से ईरान ने लगातार इसकी शर्तों का उल्लंघन** किया है।
- **उद्देश्य:** ईरान के परमाणु कार्यक्रम को सीमित करना और बदले में उसे **प्रतिबंधों से राहत** देना।
- **संयुक्त राष्ट्र का समर्थन:** इसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के संकल्प 2231 (2015) द्वारा अनुमोदित किया गया था।
- **ईरान के प्रमुख दायित्व:** यूरेनियम संवर्धन पर सीमा आरोपित करना और परमाणु अप्रसार संधि (NPT) के तहत IAEA निरीक्षणों की अनुमति देना।

- **ईरान के लिए प्रतिबंधों में राहत:** यूरोपीय संघ, संयुक्त राष्ट्र और संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा हथियारों एवं परमाणु प्रतिबंधों को हटाना।

ईरान की परमाणु गतिविधियों को लेकर मौजूदा तनाव के खिलाफ प्रतिक्रिया में, इजरायल ने ईरानी परमाणु और सैन्य स्थलों को निशाना बनाते हुए **"ऑपरेशन राइजिंग लायन"** शुरू किया है।

नोट: IAEA के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया 16 मई 2025 की न्यूज़ टुडे देखें।

सोलर ऑर्बिटर अंतरिक्ष यान ने सूर्य के ध्रुवों की पहली तस्वीरें प्राप्त की

सोलर ऑर्बिटर ने अपने **कक्षीय झुकाव के कारण** सूर्य के ध्रुवों की पहली तस्वीरें लेने में सफलता प्राप्त की है। ये तस्वीरें सूर्य के **चुंबकीय क्षेत्र, सौर चक्र, और अंतरिक्ष मौसम** के बारे में हमारी जानकारियों को और अधिक बढ़ाएंगी।

- सोलर ऑर्बिटर **यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ESA) और अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा** का **संयुक्त मिशन** है। इस मिशन को **2020 में लॉन्च** किया गया था।
  - इस मिशन का उद्देश्य **सूर्य की उसके नजदीक से तस्वीरें लेना, तथा सौर पवनों और सूर्य के ध्रुवीय क्षेत्रों का अध्ययन** करना है।

सूर्य के ध्रुवों का अध्ययन क्यों महत्वपूर्ण है?

- **सूर्य के ध्रुवीय क्षेत्रों का पहला अवलोकन:** इस अवलोकन से **सौर चक्र** की बेहतर समझ प्राप्त होगी। ध्यातव्य है कि वर्तमान मॉडल्स यह अनुमान लगाने में असमर्थ हैं कि **सूर्य अपनी सबसे सक्रिय अवस्था में कब और कितनी प्रबलता से पहुंचेगा।**
  - **सौर चक्र** वास्तव में सूर्य के चुम्बकीय क्षेत्र का लगभग **11 वर्षों का एक प्राकृतिक चक्र** है। इसके तहत सूर्य की गतिविधियां **सबसे कम सक्रिय** अवस्था यानी "**सोलर मिनिमम**" और **सबसे अधिक सक्रिय** अवस्था यानी "**सोलर मैक्सिमम**" के बीच गति करती रहती हैं।
    - **सोलर मिनिमम में सनस्पॉट्स की संख्या सबसे कम** होती है, जबकि **सोलर मैक्सिमम** में इनकी संख्या **सबसे अधिक** होती है।
  - **सोलर मैक्सिमम** के दौरान **प्रकाश, ऊर्जा और सौर विकिरणों का उत्सर्जन अंतरिक्ष मौसम को प्रभावित** करता है।
- **सूर्य का चुंबकीय क्षेत्र:** मापन से पता चलता है कि **सोलर मैक्सिमम के दौरान सूर्य के दक्षिणी ध्रुव पर उत्तरी और दक्षिणी, दोनों ध्रुवीय चुंबकीय क्षेत्र मौजूद** रहते हैं।
  - **प्रत्येक 11 साल में,** सूर्य का चुंबकीय क्षेत्र पूरी तरह से उलट जाता है। इसका मतलब है कि **सूर्य के उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव अपनी जगह बदल लेते हैं।**
- **कणों की गति पर निगरानी:**
  - इमेजिंग स्पेक्ट्रोग्राफ ने सूर्य की भूमध्य रेखा से दूर सौर पवनों और **सौर तूफानों के रूप में कणों की गति को ट्रैक** किया। इससे अंतरिक्ष मौसम के बेहतर पूर्वानुमान में मदद मिलेगी।

अन्य प्रमुख सौर मिशन:

- वर्ष 1995 में यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ESA)-NASA द्वारा प्रक्षेपित **सोलर एंड हेलियोस्फेरिक ऑब्जर्वेटरी (SOHO)** मिशन।
- **नासा द्वारा 2018 में प्रक्षेपित पार्कर सोलर प्रोब:** यह सूर्य के कोरोना को स्पर्श करने वाला पहला अंतरिक्ष यान है।
- चीन द्वारा 2022 में प्रक्षेपित **एडवांस्ड स्पेस-बेस्ड सोलर ऑब्जर्वेटरी (ASO-S)**।
- भारत द्वारा 2023 में प्रक्षेपित **आदित्य-L1** मिशन।
- नासा द्वारा 2025 में प्रक्षेपित **PUNCH (पोलरीमीटर टू यूनिफाइड द कोरोना एंड हेलियोस्फीयर)** मिशन।

राजस्थान के पोखरण में हाइब्रिड मानवरहित हवाई वाहन (UAV) 'रुद्रास्त्र' का सफल परीक्षण किया गया

इस परीक्षण में रुद्रास्त्र ने अपनी **वर्टिकल टेकऑफ़ और लैंडिंग (VTOL)** क्षमताओं, विस्तारित उड़ान रेंज, रियल-टाइम निगरानी और 50 किलोमीटर की दूरी पर सटीक लक्ष्य को भेदने की क्षमता का प्रदर्शन किया।

- यह **आत्मनिर्भर भारत पहल** के तहत **स्वदेशी सैन्य प्रौद्योगिकी को मजबूत करने के भारत के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम** है।

रुद्रास्त्र के बारे में

- यह **सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड (SDAL)** द्वारा निर्मित एक हाइब्रिड वर्टिकल टेक-ऑफ एंड लैंडिंग (VTOL) UAV है।
  - UAV एक **मानवरहित विमान प्रणाली** होती है, जिसे दूर से नियंत्रित किया जा सकता है या यह **स्वचालित रूप से बिना पायलट के उड़** सकता है।
  - VTOL UAVs लंबवत रूप से उड़ान भर सकते हैं और उतर सकते हैं। इससे रनवे की आवश्यकता समाप्त हो जाती है और आसानी से **कठिन परिस्थितियों में भी** इनका उपयोग किया जा सकता है।
- **विशेषताएं:**
  - **इसकी कुल रेंज** (लक्ष्य के ऊपर मंडराने सहित) **170 किलोमीटर** है। यह **लगभग 1.5 घंटे तक उड़ान** भर सकता है।
  - इसमें **सटीक दिशा निर्देशित एंटी-पर्सनेल वारहेड्स** लगे हैं, जिन्हें **मध्यम ऊंचाई** से छोड़ा जा सकता है।
  - यह **लाइव वीडियो भेज** सकता है और **स्वचालित मोड में लॉन्च स्थान पर वापस लौट** सकता है।



अन्य सुर्ख़ियां

मेडे कॉल

अहमदाबाद-लंदन एयर इंडिया विमान दुर्घटना के दौरान, एयर ट्रैफिक कंट्रोल (ATC) को उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद पायलट से मेडे कॉल प्राप्त हुआ।

मेडे कॉल के बारे में

- शब्द 'मेडे' **1920 के दशक** की शुरुआत में लंदन के एक रेडियो अधिकारी **फ्रेडरिक स्टेनली मॉकफोर्ड** द्वारा दिया गया था।
- यह शब्द **फ्रांसीसी वाक्यांश मैडेर/m'aider** ("**मेरी मदद करें**") से रूपांतरित हुआ है।
- यह **1923 तक पायलटों और नाविकों के लिए अंतर्राष्ट्रीय रेडियो संचार का हिस्सा बन गया,** और 1927 में मोर्स "SOS" के तहत औपचारिक रूप से अपनाया गया।
- **विमानन मानक (1927):** अंतर्राष्ट्रीय रेडियो टेलीग्राफ कन्वेंशन ने इसे औपचारिक रूप दिया।
- **अर्थ:** जब कोई पायलट "मेडे, मेडे, मेडे" कहता है, तो वह **जीवन के लिए खतरा पैदा करने वाली आपातस्थिति की घोषणा कर रहा होता है, जिसके लिए तत्काल सहायता की आवश्यकता** होती है।

मूल्य समर्थन योजना (Price Support Scheme: PSS)

सरकार ने ग्रीष्मकालीन फसल सीजन 2025-26 के लिए PSS के तहत ग्रीष्मकालीन मूंग की खरीद को मंजूरी दी।

- भारत सरकार एकीकृत **प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (PM-AASHA)** योजना को लागू कर रही है, जिसमें PSS, कीमत अंतर भुगतान योजना (PDPS), बाजार हस्तक्षेप योजना (MIS) और मूल्य स्थिरीकरण निधि (PSF) शामिल है।
- कृषि एवं किसान कल्याण विभाग (DA&FW) **PSS, PDPS और MIS का क्रियान्वयन** करता है, जबकि **उपभोक्ता मामलों का विभाग PSF का क्रियान्वयन** करता है।

PSS के बारे में:

- **अधिसूचित दलहन, तिलहन और खोपरा को** केंद्रीय नोडल एजेंसियों (CNAs) (राज्य स्तरीय एजेंसियों के माध्यम से) द्वारा पूर्व-पंजीकृत किसानों से सीधे **न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) पर खरीदा** जाता है। बशर्ते उनके उत्पाद निर्धारित उचित औसत गुणवत्ता (FAQ) के अनुरूप हों।
- **उद्देश्य:** किसानों को लाभकारी मूल्य उपलब्ध कराना।

RBI बॉन्ड बायबैक

हाल ही में RBI बॉन्ड बायबैक की मांग में जोरदार वृद्धि देखी गई है।

RBI बॉन्ड बायबैक क्या है?

- बॉन्ड बायबैक तब होता है जब RBI परिपक्वता से पहले **बैंकों से सरकारी प्रतिभूतियां** (G-Secs) **खरीदता** है।

उद्देश्य:

- **बैंकिंग प्रणाली में तरलता को बढ़ाता देता है:** खासकर तब जब ऋण वृद्धि को बढ़ावा देने की आवश्यकता होती है।
- **सकल उधारी (Gross Borrowing) को कम करना:** उच्च लागत वाले या अल्पकालिक बॉन्ड को समय से पहले समाप्त करना।

एजेन्टिक AI

कृत्रिम द्वारा लॉन्च किया गया **भारत का पहला एजेंटिक AI,** कृति, कैब बुक कर सकता है, बिलों का भुगतान कर सकता है और कुछ अन्य कार्य भी कर सकता है।

एजेंटिक AI के बारे में

- यह उन AI सिस्टम को संदर्भित करता है जो **स्वायत्त रूप से निर्णय ले सकते हैं, कार्रवाई कर सकते हैं और बदलते परिवेश के अनुकूल रूपांतरित हो सकते हैं।**
- यह **चुनौतियों का विश्लेषण करने, रणनीति विकसित करने और स्वतंत्र रूप से कार्यों को निष्पादित** करने के लिए **कई डेटा स्रोतों** और **तीसरे पक्ष के अनुप्रयोगों से बड़ी मात्रा में डेटा प्राप्त** करता है।
- यह कंपनियों को '**सॉफ़्टवेयर-एज-ए-सर्विस**' को '**सर्विस-एज-ए-सॉफ़्टवेयर**' में बदल कर उच्च मूल्य प्रदान करने में सक्षम बना सकता है।

सर्वेंट्स ऑफ इंडिया सोसाइटी

12 जून को सर्वेंट्स ऑफ इंडिया सोसाइटी (SIS) की स्थापना की **120वीं वर्षगांठ** मनाई गई।

सर्वेंट्स ऑफ इंडिया सोसाइटी के बारे में

- **उत्पत्ति:** इसे 1905 में **पुणे (महाराष्ट्र) में स्थापित** किया गया था।
- **संस्थापक: गोपाल कृष्ण गोखले,** जी.के. देवधर, ए.वी. पटवर्धन और एन.ए. द्रविड़।
  - महात्मा गांधी गोखले को अपना राजनीतिक गुरु मानते थे। गांधी जी भी इसके सदस्य थे।
- **मिशन: युवा भारतीयों** को निस्वार्थ और समर्पित लोक सेवक बनकर **राष्ट्र की सेवा करने के लिए प्रशिक्षित** करना।
- **उद्देश्य:** शिक्षा को बढ़ावा देना, समाज सेवा को प्रोत्साहित करना, नागरिक जुड़ाव को बढ़ावा देना।
- **प्रकृति:** यह संगठन **गैर-राजनीतिक** और **गैर-सांप्रदायिक** था।

जीरो-कूपन बॉन्ड

पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन (PFC) ने अपने **जीरो-कूपन बॉन्ड** को जारी करने पर रोक लगा दी है।

जीरो-कूपन बॉन्ड के बारे में

- इसे **डिस्काउंट बॉन्ड** के नाम से भी जाना जाता है।
- ये धारक को **ब्याज नहीं देते।**
- इन्हें अंकित मूल्य पर **भारी छूट के साथ खरीदा जाता है,** लेकिन परिपक्वता पर इनका भुगतान पूरे अंकित मूल्य या उसके बराबर मूल्य पर किया जाता है।
- वे आवधिक आधार पर ब्याज देने वाले बॉन्डों की तुलना में **ब्याज दर में परिवर्तन के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं।**

पासेक्स

यह **भारत और यूनाइटेड किंगडम की नौसेनाओं** के बीच आयोजित **एक संयुक्त नौसैनिक अभ्यास** है। वर्तमान में उत्तरी अरब सागर में इसका आयोजन किया जा रहा है।

कॉस्मिक डॉन

चिली के अटाकामा मरुस्थल में ऊंचे स्थान पर स्थित कॉस्मोलॉजी लार्ज एंगुलर स्केल सर्वेयर (CLASS) टेलीस्कोप की मदद से, वैज्ञानिकों ने **कॉस्मिक डॉन से 13 बिलियन साल पुराना एक धुंधला माइक्रोवेव सिग्नल कैप्चर** किया है।

- यह शोध इस बात पर नई अंतर्दृष्टि प्रदान करता है कि शुरुआती तारों ने **प्रारंभिक ब्रह्मांड** को कैसे प्रभावित किया।

कॉस्मिक डॉन के बारे में

- कॉस्मिक डॉन को **बिग बैंग के लगभग 50 मिलियन से एक बिलियन साल बाद** की अवधि की घटना माना जाता है।
- यह वही समय है जब शुरुआती **तारों, ब्लैक होल्स और आकाशगंगाओं** का निर्माण हुआ था।

सुर्ख़ियों में रहे व्यक्तित्व

श्रीमंत शंकरदेव (1449 - 1568)

प्रसिद्ध भारतीय शास्त्रीय नृत्यांगना सोनल मानसिंह को श्रीमंत शंकरदेव पुरस्कार (असम के सर्वोच्च सांस्कृतिक सम्मानों में से एक) से सम्मानित किया गया है।



श्रीमंत शंकरदेव के बारे में:

- वे 15वीं शताब्दी के **महान संत और समाज सुधारक थे,** जिनका जन्म **आली-पुखुरी (नगांव जिला, असम)** में हुआ था।
- उन्होंने **एकसरना धर्म (एकेश्वर भक्ति पर आधारित एक नव वैष्णव आंदोलन)** की शुरुआत की। यह धर्म **भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति** पर आधारित था।

योगदान:

- **कीर्तन घोष:** यह **असमिया भाषा** में रचित एक भक्ति ग्रंथ है। इसमें भगवान कृष्ण की महिमा का उल्लेख मिलता है।
- **गुणमाला:** यह भागवत पुराण का एक संक्षिप्त संस्करण है।
- **अंकिया नाट:** यह एकांकी नाटक का एक रूप है। इसमें **नृत्य, संगीत और कथा का मिश्रण** देखने को मिलता है।
- **भाओना:** यह अंकिया नाट पर आधारित एक **पारंपरिक नाट्य प्रस्तुति है।** इसका प्रदर्शन आमतौर पर **सत्रों** (वैष्णव मठों) में किया जाता है।
- **सत्रिया नृत्य:** यह सत्रों के भीतर विकसित एक शास्त्रीय नृत्य शैली है। यह भारत के आठ शास्त्रीय नृत्य रूपों में से एक है।
- **साहित्यिक कृतियां:** भक्ति प्रदीप, भक्ति रत्नाकर, कीर्तन-घोष, आदि।
- **मूल्य:** आध्यात्मिकता, समधर्मीवाद (सिंक्रेटिज्म), मानवतावाद, आदि।